भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3002**
11.03.2026 को उत्तर देने के लिए

ई-साक्षी पोर्टल

3002.श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री दिनेशभाई मकवाणाः
डॉ. मन्ना लाल रावतः
श्रीमती हिमाद्री सिंहः
श्री दामोदर अग्रवालः
श्री रमेश अवस्थीः
श्री सुरेश कुमार कश्यपः
श्री सुखजिंदर सिंह रंधावाः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
डॉ. राजेश मिश्राः
श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) के अंतर्गत प्राप्त की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है जिसमें निधि प्रवाह संशोधन, ई-साक्षी पोर्टल और मोबाइल ऐप के कार्यान्वयन सम्मिलित हैं;

(ख) पूर्ण किये गये और वर्तमान में प्रगति पर चल रहे संस्तुत कार्यों की संख्या का ब्यौरा क्या है और क्षमता निर्माण के संबंध में की गई पहलों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पेयजल सुविधाओं और स्वच्छता जैसी सामुदायिक परिसंपत्तियों पर एमपीलैड्स के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त योजना के अंतर्गत कार्यों को पूरा करने में अत्यधिक विलंब हो रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का इन कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए पंजाब सहित अन्य राज्यों को निदेश जारी करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) मंत्रालय ने एमपीलैड्स के तहत संशोधित निधि प्रवाह प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन हेतु 1 अप्रैल 2023 से ई-साक्षी पोर्टल का शुभारंभ किया है। यह पोर्टल एमपीलैड्स निधियों के प्रबंधन में दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। यह एक एकीकृत डिजिटल मंच प्रदान

करता है, जहां सांसद की संस्तुतियां, जिला स्तरीय संस्वीकृति और कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा निष्पादन का समन्वय सुचारू रूप से होता है, जिससे कार्यप्रवाह सुचारू और कुशल बना रहता है। डिजिटल प्रणाली में परिवर्तन से निधि जारी करने की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई है, भौतिक खातों की आवश्यकता समाप्त हुई है, माननीय सदस्यों और सभी हितधारकों को कार्यों की संस्तुति करने, निगरानी करने और प्रबंधन करने की सुविधा ऑनलाइन हुई है, और सुरक्षित ओटीपी-आधारित सत्यापन को शामिल किया गया है। कार्यों और निधि उपयोग की वास्तविक समय ट्रैकिंग से पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूती मिलती है, साथ ही परियोजना कार्यान्वयन में तेजी आई है।

जनवरी 2024 में माननीय संसद सदस्यों के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया। अगस्त 2024 में इस एप्लिकेशन को अन्य हितधारकों, जिनमें राज्य नोडल प्राधिकरण, नोडल जिला प्राधिकरण, कार्यान्वयन जिला प्राधिकरण और कार्यान्वयन एजेंसियाँ शामिल हैं, तक विस्तारित किया गया।एक 'नागरिक अनुरोध' मॉड्यूल भी शुरू किया गया है,जिससे जनता सीधे संसद सदस्यों को विकास संबंधी अनुरोध प्रस्तुत कर सकती है।

एमपीलैड्स योजना 1 अप्रैल 2025 से मॉडल 2 से मॉडल 1ए (टीएसए हाइब्रिड) में परिवर्तित हो गई है। मॉडल 1ए के तहत, पीएमयू-सीएनए ने आरबीआई के साथ एक असाइनमेंट खाता खोला है, जो सीएनए-एसबीआई खाते से जुड़ा हुआ है। एसबीआई प्रस्तुत किए गए बिलों के आधार पर समेकित दैनिक निधि मांग उत्पन्न करता है, जिसे अनुमोदन के लिए पीएफएमएस को भेजा जाता है। अनुमोदन के बाद, आरबीआई असाइनमेंट खाते से एसबीआई खाते में और फिर सीधे विक्रेताओं को धनराशि हस्तांतरित की जाती है। यह तंत्र किसी भी स्तर पर धनराशि के अवरोध (पार्किंग) के बिना पूरी तरह से सुव्यवस्थित प्रक्रिया सुनिश्चित करता है

इन परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाली तकनीकी और परिचालन संबंधी समस्याओं का समाधान बेहतर बैकएंड सहायता, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, पीएफएमएस और एसबीआई के बीच समन्वय और आवधिक अपडेट के माध्यम से किया जा रहा है।

इसके परिणामस्वरूप, वर्तमान वित्त वर्ष में (दिनांक 07.03.2026 तक) कुल ₹ 3482.54 करोड़ सीधे विक्रेताओं को जारी किए गए हैं, जो पूर्ववर्ती प्रवृत्तियों से अधिक है।

(ख) 18वीं लोकसभा के संदर्भ में, एमपीलैड्स के अंतर्गत अनुशंसित कार्यों का राज्य एवं वर्षवार विवरण तथा उनकी स्वीकृति, पूर्णता और प्रगति की स्थिति दिनांक 06.03.2026 की स्थिति के अनुसार संलग्न है (अनुबंध 1)।

मंत्रालय राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के साथ योजना के कार्यान्वयन की निगरानी, एमपीलैड्स कार्यों की प्रगति का आकलन तथा परिचालन संबंधी कठिनाईयों के समाधान हेतु मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करता है। हितधारकों की ई–साक्षी पोर्टल से परिचितता बढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों, माननीय सांसदों तथा उनके निजी स्टाफ हेतु कार्यशालाएँ, वेबिनार एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में आयोजित सभी भौतिक कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षणों की विस्तृत सूची अनुबंध–II में दी गयी है। इसके अतिरिक्त, पोर्टल उपयोगकर्ताओं को निरंतर सहयोग प्रदान करने हेतु अनेक वेबिनार एवं ऑनलाइन सत्र भी आयोजित किए जाते हैं।

प्रत्येक संसद सत्र (मानसून सत्र 2023 से) के दौरान सांसदों को एमपीलैड्स प्रक्रियाओं एवं ई–साक्षी पोर्टल में सहायता प्रदान करने के लिए कियोस्क स्थापित किए जाते हैं। सत्र अवधि में सभी कार्य दिवसों पर प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक एक हेल्पडेस्क कार्य करता है, जिससे सांसदों एवं हितधारकों को आवश्यक संसाधनों तक सुगम पहुँच सुनिश्चित हो सके। मंत्रालय ने ई–साक्षी पोर्टल हेतु उपयोगकर्ता पुस्तिकाएँ एवं निर्देशात्मक वीडियो भी तैयार कर हितधारकों को उपलब्ध कराए हैं।

(ग) मंत्रालय ने देशभर के 504 नोडल जिलों में 01.04.2019 से 31.03.2024 की अवधि में पूर्ण किए गए एमपीलैड्स कार्यों का तृतीय–पक्ष भौतिक मूल्यांकन कराया है, ताकि योजना के कार्यान्वयन के विभिन्न

पहलुओं का आकलन किया जा सके। मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, अध्ययन में सम्मिलित कुल स्वीकृत कार्यों में से 12.67% कार्य (कुल स्वीकृत लागत का 10.23%) पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित थे। तृतीय-पक्ष भौतिक मूल्यांकन रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष निम्नलिखित हैं:

i. प्रतिदर्श के रूप में चयनित 100% परिसंपत्तियाँ क्षेत्रीय मूल्यांकन के समय उपलब्ध थीं।

ii. प्राथमिक निष्कर्षों के आधार पर 94.56% परिसंपत्तियाँ कार्यशील पाई गईं, जो प्रभावी कार्यान्वयन एवं उपयोगिता को दर्शाती हैं।

iii. कुल 82.27% परिसंपत्तियाँ उचित रूप से अनुरक्षित पाई गईं।

iv. 87.24% अनुशंसित परियोजनाएँ निर्धारित समयसीमा में संस्वीकृत की गईं।

v. 86.72% कार्य निर्धारित 365 दिनों की समयसीमा में पूर्ण किए गए।

vi. सामुदायिक स्तर पर एमपीलैड्स परिसंपत्तियों से बेहतर सामाजिक अवसंरचना, सुदृढ़ स्थानीय संपर्क तथा सामूहिक कल्याण को प्रोत्साहित करने वाले स्थान उपलब्ध हुए।

vii. क्षेत्रीय दौरे के दौरान 77.04% उत्तरदाताओं ने बताया कि परियोजना ने उनके समुदाय के समग्र विकास में योगदान दिया है, जबकि 95.82% उत्तरदाताओं ने कहा कि एमपीलैड्स योजना ने सरकार एवं सार्वजनिक प्राधिकरणों के प्रति उनका विश्वास बढ़ाया है।

(घ) से (च) एमपीलैड्स दिशा–निर्देश, 2023 के पैरा 3.2.4 के अनुसार, संसद सदस्य द्वारा की गई सभी पात्र अनुशंसाओं के संबंध में स्वीकृति / अस्वीकृति कार्यान्वयन जिला प्राधिकरण द्वारा अनुशंसाओं की प्राप्ति की तारीख से 45 दिनों के भीतर जारी की जाएगी।

एमपीलैड्स दिशा–निर्देश, 2023 के पैरा 3.2.12 के अनुसार, कार्यान्वयन जिला प्राधिकरण द्वारा जारी स्वीकृति पत्र में कार्य पूर्ण करने की समयसीमा का उल्लेख किया जाएगा, जो सामान्यतः एक वर्ष से अधिक नहीं होगी। अपवादस्वरूप, कठिन/पर्वतीय क्षेत्रों आदि में जहाँ कार्यान्वयन अवधि एक वर्ष से अधिक होने की संभावना है, उसके लिए विशेष औचित्य स्वीकृति पत्र में सम्मिलित किया जाएगा।

मंत्रालय समय–समय पर राज्य नोडल प्राधिकरणों को परामर्श जारी करता है तथा राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों एवं जिला प्राधिकरणों के साथ मासिक एवं तिमाही समीक्षा बैठकें आयोजित करता है, ताकि कार्यों की समयबद्ध स्वीकृति, क्रियान्वयन एवं पूर्णता सुनिश्चित की जा सके।

इसके अतिरिक्त, निधि प्रवाह और परियोजना निगरानी के लिए ईसाक्षी पोर्टल के संचालन से कार्यों की वास्तविक समय में उपलब्धता ने पारदर्शिता को बढ़ाया है और योजना की निगरानी को मजबूत किया है। वास्तविक समय में कार्य प्रगति निगरानी रिपोर्ट, जिसमें संस्तुति की तारीख से 45 दिनों के बाद भी स्वीकृति के लिए लंबित कार्यों का विवरण, स्वीकृति के एक वर्ष बाद भी अपूर्ण कार्य और स्वीकृति के तीन महीने के भीतर भुगतान न किए गए कार्यों का विवरण शामिल है, राज्य/जिला लॉगिन के तहत उपलब्ध कराई गई हैं ताकि विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर केंद्रित निगरानी और समीक्षा को सुगम बनाया जा सके। प्रगति की समीक्षा करने, बाधाओं को दूर करने और कार्यान्वयन दक्षता में सुधार करने के लिए समय-समय पर क्षेत्रीय कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं।

*****

अनुबंध I

## {11.03.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3002 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध}

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्त वर्ष 2024-25 | | | | | | | | वित्त वर्ष 2025-26 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुशंसित कार्य | | स्वीकृत कार्य* | | प्रगति पर कार्य* | | पूरे कर लिए गए कार्य* | | अनुशंसित कार्य | | स्वीकृत कार्य* | | प्रगति पर कार्य* | | पूरे कर लिए गए कार्य* | |
| | | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि | संख्या | धनराशि |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 6 | 1.93 | 5 | 1.53 | 5 | 1.53 | 0 | 0.00 | 20 | 4.55 | 5 | 1.08 | 5 | 1.08 | 0 | 0.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1015 | 68.63 | 904 | 59.15 | 642 | 45.92 | 262 | 13.23 | 1829 | 124.69 | 1311 | 90.91 | 1139 | 84.38 | 172 | 6.53 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 48 | 5.00 | 47 | 4.90 | 25 | 2.74 | 22 | 2.16 | 195 | 14.29 | 158 | 11.58 | 126 | 9.05 | 32 | 2.53 |
| 4 | असम | 647 | 37.45 | 548 | 30.93 | 523 | 30.06 | 25 | 0.87 | 1346 | 83.58 | 661 | 44.70 | 622 | 41.79 | 39 | 2.91 |
| 5 | बिहार | 1305 | 104.52 | 1243 | 98.83 | 239 | 16.06 | 1004 | 82.77 | 2959 | 207.59 | 1904 | 140.67 | 1031 | 67.65 | 873 | 73.02 |
| 6 | चंडीगढ़ | 38 | 1.92 | 17 | 0.83 | 2 | 0.25 | 15 | 0.58 | 74 | 5.57 | 33 | 3.01 | 23 | 2.49 | 10 | 0.52 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 787 | 42.63 | 765 | 40.71 | 416 | 22.10 | 349 | 18.61 | 1170 | 56.09 | 946 | 44.41 | 752 | 35.70 | 194 | 8.72 |
| 8 | दिल्ली | 117 | 10.50 | 73 | 6.18 | 65 | 5.57 | 8 | 0.62 | 387 | 35.38 | 314 | 25.84 | 313 | 25.76 | 1 | 0.07 |
| 9 | गोआ | 80 | 8.04 | 33 | 3.25 | 29 | 2.66 | 4 | 0.60 | 138 | 12.74 | 31 | 2.54 | 19 | 2.10 | 12 | 0.44 |
| 10 | गुजरात | 2600 | 90.05 | 2167 | 71.11 | 1187 | 39.88 | 980 | 31.23 | 4375 | 154.03 | 2939 | 101.24 | 2409 | 86.42 | 530 | 14.82 |
| 11 | हरियाणा | 390 | 21.34 | 339 | 18.84 | 226 | 14.66 | 113 | 4.18 | 995 | 52.02 | 750 | 37.65 | 594 | 32.44 | 156 | 5.21 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 474 | 10.82 | 372 | 9.19 | 325 | 8.15 | 47 | 1.04 | 1212 | 26.30 | 950 | 20.30 | 880 | 19.26 | 70 | 1.04 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 288 | 12.20 | 236 | 8.36 | 96 | 5.68 | 140 | 2.69 | 512 | 28.45 | 351 | 20.59 | 318 | 19.63 | 33 | 0.96 |
| 14 | झारखंड | 953 | 29.17 | 917 | 27.95 | 800 | 21.04 | 117 | 6.91 | 2631 | 90.33 | 1627 | 57.96 | 1614 | 57.59 | 13 | 0.37 |
| 15 | कर्नाटक | 1527 | 89.73 | 1032 | 62.65 | 850 | 53.28 | 182 | 9.37 | 2473 | 146.86 | 765 | 43.90 | 725 | 41.82 | 40 | 2.09 |
| 16 | केरल | 1617 | 85.25 | 1095 | 54.71 | 786 | 40.81 | 309 | 13.90 | 2019 | 113.11 | 1081 | 61.88 | 984 | 58.26 | 97 | 3.61 |
| 17 | लद्दाख | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 23 | 2.78 | 8 | 0.64 | 8 | 0.64 | 0 | 0.00 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 27 | 9.05 | 17 | 5.68 | 16 | 5.66 | 1 | 0.02 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2468 | 104.43 | 2311 | 98.92 | 1412 | 65.95 | 899 | 32.97 | 3034 | 121.09 | 1854 | 79.32 | 1486 | 66.25 | 368 | 13.07 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1428 | 141.62 | 793 | 79.20 | 654 | 64.41 | 139 | 14.79 | 2465 | 231.28 | 539 | 48.45 | 503 | 44.90 | 36 | 3.55 |
| 21 | मणिपुर | 29 | 7.71 | 29 | 7.71 | 16 | 5.28 | 13 | 2.43 | 36 | 9.37 | 31 | 8.48 | 29 | 8.20 | 2 | 0.28 |
| 22 | मेघालय | 207 | 8.87 | 196 | 8.43 | 148 | 6.78 | 48 | 1.65 | 246 | 10.40 | 201 | 8.40 | 175 | 7.50 | 26 | 0.90 |
| 23 | मिजोरम | 106 | 4.90 | 105 | 4.89 | 86 | 3.66 | 19 | 1.23 | 65 | 4.85 | 59 | 4.40 | 56 | 4.32 | 3 | 0.08 |
| 24 | नागालैंड | 23 | 4.90 | 23 | 4.90 | 0 | 0.00 | 23 | 4.90 | 16 | 4.90 | 16 | 4.90 | 2 | 0.97 | 14 | 3.93 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | ओड़िशा | 1598 | 40.68 | 1446 | 34.97 | 900 | 27.78 | 546 | 7.19 | 2653 | 112.02 | 1351 | 54.30 | 1182 | 48.57 | 169 | 5.73 |
| 26 | पुदुचेरी | 22 | 4.63 | 16 | 3.08 | 13 | 2.81 | 3 | 0.27 | 40 | 7.51 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 27 | पंजाब | 1012 | 31.76 | 921 | 28.84 | 311 | 12.22 | 610 | 16.62 | 2417 | 76.21 | 2057 | 62.95 | 1647 | 51.39 | 410 | 11.56 |
| 28 | राजस्थान | 944 | 60.49 | 800 | 49.61 | 454 | 33.65 | 346 | 15.96 | 1680 | 112.55 | 926 | 60.30 | 823 | 55.37 | 103 | 4.93 |
| 29 | सिक्किम | 21 | 4.89 | 21 | 4.89 | 13 | 2.65 | 8 | 2.24 | 53 | 5.57 | 30 | 4.83 | 29 | 4.78 | 1 | 0.05 |
| 30 | तमिलनाडु | 1550 | 148.87 | 1349 | 121.27 | 836 | 79.72 | 513 | 41.55 | 3094 | 251.32 | 2017 | 136.00 | 1419 | 107.67 | 598 | 28.33 |
| 31 | तेलंगाना | 1555 | 47.67 | 1318 | 38.31 | 924 | 26.94 | 394 | 11.36 | 2612 | 103.84 | 1421 | 57.30 | 1224 | 52.00 | 197 | 5.31 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 82 | 11.61 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 33 | त्रिपुरा | 10 | 4.92 | 9 | 4.59 | 9 | 4.59 | 0 | 0.00 | 38 | 10.45 | 27 | 6.65 | 27 | 6.65 | 0 | 0.00 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 7025 | 291.28 | 6584 | 272.36 | 3017 | 114.95 | 3567 | 157.41 | 8633 | 439.51 | 4880 | 319.49 | 4186 | 264.90 | 694 | 54.59 |
| 35 | उत्तराखंड | 187 | 6.49 | 167 | 6.08 | 134 | 4.74 | 33 | 1.34 | 503 | 15.98 | 280 | 9.20 | 252 | 8.50 | 28 | 0.70 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2321 | 160.83 | 2124 | 139.04 | 1284 | 101.24 | 840 | 37.80 | 3201 | 225.14 | 1734 | 126.10 | 1490 | 114.05 | 244 | 12.05 |

*संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान अनुशंसित कार्यों के संबंध में दिनांक 06.03.2026 की स्थिति के अनुसार स्वीकृत, प्रगति पर तथा पूर्ण किए गए कार्य।

*****

**अनुबंध II**

**{11.03.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3002 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध}**

| क्र.सं. | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | 23 फ़रवरी 2023 | दिल्ली |
| 2 | 2 मार्च 2023 | जयपुर |
| 3 | 10 मार्च 2023 | कोलकाता |
| 4 | 17 मार्च 2023 | बंगलुरू |
| 5 | 3 मई 2023 | दिल्ली |
| 6 | 16 मई 2023 | चंडीगढ़ |
| 7 | 19 मई 2023 | लखनऊ |
| 8 | 23 मई 2023 | पटना |
| 9 | 29 मई 2023 | तिरुवनंतपुरम |
| 10 | 5 जून 2023 | मुंबई |
| 11 | 12 जून 2023 | जयपुर |
| 12 | 21 जून 2023 | त्रिपुरा |
| 13 | 26 जून 2023 | हरियाणा |
| 14 | 4 जुलाई 2023 | श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर |
| 15 | 6 जुलाई 2023 | रायपुर, छत्तीसगढ़ |
| 16 | 8 जुलाई 2023 | गोवा |
| 17 | 11 जुलाई 2023 | विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश |
| 18 | 13 जुलाई 2023 | चेन्नई, तमिलनाडु |
| 19 | 17 अगस्त 2023 | देहरादून, उत्तराखंड |
| 20 | 18 अगस्त 2023 | भोपाल, मध्य प्रदेश |
| 21 | 22 अगस्त 2023 | हैदराबाद ,तेलंगाना |
| 22 | 25 अगस्त 2023 | पुदुचेरी |
| 23 | 28 अगस्त 2023 | शिलांग, मेघालय |
| 24 | 30 अगस्त 2023 | गुवाहाटी, असम |
| 25 | 31 अगस्त 2023-1 सितंबर 2023 | कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| 26 | 5 सितंबर 2023 | कावारत्ती, लक्षद्वीप |
| 27 | 8 सितंबर 2023 | भुवनेश्वर, ओडिशा |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | 11 सितंबर 2023 | गांधीनगर, गुजरात |
| 29 | 15 सितंबर 2023 | रांची, झारखंड |
| 30 | 3 अक्टूबर 2023 | पोर्ट ब्लेयर, अंडमान |
| 31 | 13 अक्टूबर 2023 | बंगलुरु, कर्नाटक |
| 32 | 16 अक्टूबर 2023 | चंडीगढ़ |
| 33 | 24 नवंबर 2023 | चंडीगढ़ |
| 34 | 19 जनवरी 2024 | कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| 35 | 12 मार्च 2024 | सिक्किम |
| 36 | 20-21 जून 2024 | दिल्ली |
| 37 | 29 नवंबर 2024 | कोलकाता |
| 38 | 22 जनवरी 2025 | दिल्ली |
| 39 | 29 अगस्त 2025 | जयपुर, राजस्थान(1) |
| 40 | 2 सितंबर 2025 | दिल्ली(2) |
| 41 | 19 सितंबर 2025 | हैदराबाद, तेलंगाना(3) |
| 42 | 7 नवंबर 2025 | मुंबई, महाराष्ट्र(4) |
| 43 | 23 जनवरी 2026 | कोच्चि, केरल(5) |

*(1) राजस्थान के सभी जिलों और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, पंजाब. हरियाणा, लद्दाख के एमपीलैड्स से जुड़े प्रतिभागियों को कवर करने के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला*

*(2) संसद के माननीय सदस्यों के निजी स्टाफ हेतु  अखिल भारतीय प्रशिक्षण*

*(3) तेलंगाना के सभी जिलों और आन्ध्र प्रदेश. पुडुचेरी, केरल, कर्नाटक, गोआ, लक्षद्वीप, हिमाचल के एमपीलैड्स से जुड़े प्रतिभागियों को कवर करने के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला*

*(4) महाराष्ट्र के सभी जिलों और मध्य प्रदेश. छत्तीसगढ़. गुजरात. दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव के एमपीलैड्स से जुड़े प्रतिभागियों को कवर करने के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला*

*(5) राष्ट्रीय स्तर पर विचार मंथन कार्यशाला*